जन सुराज के उम्मीदवार के बिहारशरीफ मतदान केंद्र पर पहुंचते हीं मचा बवाल

एनडीए और जनसुराज के उम्मीदवार के समर्थकों ने किया गाली-गलौज

बिहारशरीफ। बिहार विधान परिषद की पटना स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के लिए चल रहे मतदान के दौरान बिहारशरीफ प्रखंड कार्यालय परिसर में उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब वहां अचानक सियासी पारा चढ़ गया।



मतदान की प्रक्रिया के बीच जन सुराज पार्टी के प्रत्याशी डॉ. अनुज कुमार सिंह के बूथ पर पहुंचने के बाद माहौल काफी गरमा गया।

इस दौरान एनडीए एमएलसी प्रत्याशी नीरज कुमार और डॉ. अनुज कुमार सिंह के समर्थकों के आमने-सामने आने से जमकर नारेबाजी और गाली-गलौज की स्थिति उत्पन्न हो गई।

हंगामे और बढ़ते तनाव के बीच जन सुराज प्रत्याशी को वहां से निकलना पड़ा, जिससे कुछ देर के लिए मतदान केंद्र पर अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

सिलाव में श्राद्ध कार्यक्रम के दौरान दो गुटों के बीच हुए मारपीट में आधा दर्जन लोग जख्मी

बिहारशरीफ। सिलाव थाना क्षेत्र के श्याम सरोवर ठाकुरबाड़ी के पास शुक्रवार को एक श्राद्ध कार्यक्रम के दौरान आपसी विवाद और रंगदारी को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। इस हिंसक झड़प में आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घटना के बाद घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया, जहां एक की हालत गंभीर होने पर उसे बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया गया है।

बताया जाता है कि सिलाव नगर पंचायत के पूर्व वार्ड पार्षद अजय कुमार की माता का हाल ही में देहांत हुआ था। शुक्रवार को तेरहवीं (श्राद्ध) के अवसर पर वे अपने रिश्तेदारों और स्थानीय लोगों के साथ परंपरा के अनुसार पीपल में जल अर्पित करने के लिए श्याम सरोवर पहुंचे थे। आरा.प है कि इसी दौरान कुछ बदमाशों ने वहां पहुंचकर उनसे रंगदारी की मांग की। जब इसका विरोध किया गया, तो आरोपी गाली-गलौज करने लगे और लाठी-डंडों व कुदाल से उन पर अचानक हमला बोल दिया।

इस मारपीट में दोनों पक्षों के करीब आधा दर्जन लोग जख्मी हो गए। गंभीर रूप से जख्मी विकास रंजन को शुरुआत में पावापुरी अस्पताल ले जाया गया, जहां हालत नाजुक देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें पटना रेफर कर दिया।

इस संबंध में दोनों पक्षों की ओर से स्थानीय थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गयी है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

शिक्षक-स्नातक विप चुनाव

मतदान संपन्न होते हीं कयासों का दौर शुरू

नालंदा में नहीं जलने वाला है लालटेनः कौशलेन्द्र कुमार

बिहारशरीफ। शिक्षक और स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के लिए चुनाव प्रक्रिया के तहत वोटिंग शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गई। सुबह 8:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

मतदान खत्म होते ही राजनीतिक गलियारों और शहर के चौक-चौराहों पर हार-जीत के कयासों का सिलसिला शुरू हो गया है। सबसे अधिक चर्चा और गहमागहमी पटना स्नातक निर्वाचन क्षेत्र को लेकर देखी जा रही है। इस बार पटना स्नातक क्षेत्र में मुख्य रूप से त्रिकोणीय मुकाबला होने की संभावना जताई जा रही है।

लगातार कई बार से चुनाव जीत रहे जदयू प्रत्याशी नीरज कुमार, पूर्व में दो बार किस्मत आजमा चुके राजद प्रत्याशी दिलीप कुमार और जन सुराज के उम्मीदवार अनुज कुमार के बीच टक्कर है।

तीनों ही राजनीतिक दलों के समर्थक अपने-अपने उम्मीदवार की जीत के मजबूत दावे कर रहे हैं। हालांकि, हार-जीत का असली फैसला और मतों का अंतर 27 तारीख को होने वाली मतगणना के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।

नीतीश की नीतियों पर जनता ने किया वोटः सांसद

मतदान समाप्ति के ठीक बाद नालंदा के सांसद कौशलेन्द्र कुमार ने बड़ा बयान देते हुए एनडीए की जीत का दावा किया है। उन्होंने कहा कि नालंदा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का अभेद्य गढ़ है और यहां वही होगा जो नीतीश और निशांत चाहेंगे। सांसद ने कहा कि इनकी नीतियों से प्रभावित होकर नालंदा की जनता ने एनडीए उम्मीदवारों के पक्ष में बढ़-चढ़कर मतदान किया है। उन्होंने विश्वास जताते हुए स्पष्ट किया कि पटना स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से नीरज कुमार और शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से नवल किशोर यादव की जीत पूरी तरह से तय है। विपक्ष पर तीखा हमला बोलते हुए सांसद ने कहा कि विरोधी चाहे जितनी भी अफवाहें फैला लें या कोई भी चुनावी तिकड़म लगा लें, नालंदा में 'लालटेन' जलने वाला नहीं है।

हॉस्टल से लापता आठवीं का छात्र, नदी किनारे मिले कपड़े, परिजनों ने जतायी हत्या की आशंका

बिहारशरीफ। नालंदा दीपनगर थाना क्षेत्र के कोसुक स्थित सनबीम सेंट्रल स्कूल के हॉस्टल से आठवीं कक्षा का 15 वर्षीय छात्र आनंद कुमार संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। परिजनों के अनुसार, शुक्रवार दोपहर करीब एक बजे छात्र को हॉस्टल छोड़ने के बाद वे घर लौट रहे थे। इसी दौरान स्कूल प्रबंधन की ओर से पहले उसके भागने और फिर पंचाने नदी में डूबने की सूचना दी गई। स्कूल के पीछे नदी किनारे छात्र की टी-शर्ट मिलने के बाद मामला और गंभीर हो गया। देर शाम तक छात्र का पता नहीं चल सका था।

छात्र के लापता होने से आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने हत्या की आशंका जताते हुए बिहारशरीफ-राजगीर मुख्य मार्ग को कोसुक के पास जाम कर दिया। सड़क पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। स्थिति को संभालने के लिए दीपनगर के अलावा बिहार, लहेरी और पावापुरी थाने की पुलिस मौके पर पहुंची।

विश्व शांति स्तूप का स्थापना दिवस कल

राजगीर (नालंदा) (आससे)। भारत-जापान मैत्री का प्रतीक विश्वशांति स्तूप का 57 वां स्थापना दिवस समारोह कल रविवार को है। समारोह में जापान सहित दुनिया के अनेकों बौद्ध देशों के बौद्ध धर्मावलंबी शामिल होंगे। समारोह की सभी आवश्यक तैयारियां लगभग पूरी हो गयी है। विश्वशांति स्तूप और निप्पोनजान म्योहोजी, राजगीर के प्रमुख भिक्षु जी ओकोनेगी ने यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि समारोह में पर्यटन मंत्री केदारनाथ गुप्ता मुख्य अतिथि और ग्रामीण विकास, सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री श्रवण कुमार बतौर विशिष्ट अतिथि शामिल होंगे। पंच पहाड़ियों की मनोरम वादियों में स्थित विश्व शांति स्तूप का 57वें स्थापना समारोह का साक्षी बनने के लिए जापान सहित कई देशों के श्रद्धालु राजगीर पहुंचेंगे। रत्नागिरि पहाड़ी की चोटी पर स्थित इस स्तूप के स्थापना समारोह को लेकर श्रद्धालुओं और बौद्ध धर्मावलंबियों में उत्साह है। राजगीर बुद्ध विहार सोसाइटी और निप्पोनजान म्योहोजी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस समारोह में शांति, सद्भाव और भगवान बुद्ध के उपदेशों का संदेश दिया जायेगा।

हिलसा में स्नातक के लिए 59.25 तो शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिए 85.47 फीसदी हुआ मतदान

हिलसा (नालंदा) (आससे)। पटना स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिए शुक्रवार को कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्ण वातावरण में मतदान की प्रक्रिया सम्पन्न हो गई। स्नातक के कुल 59.25 तो शिक्षक के 85.47 फीसदी मतदाताओं ने अपना वोट डाल सके। मतदान केंद्रों पर निर्धारित समय सुबह 8 बजे से मतदान की प्रक्रिया शुरू हो गई थी। मतदान शुरू होने के साथ ही मतदान केंद्र पर वोट डालने के लिए मतदाता पूरे उत्साह के साथ पहुंचने लगे थे। बूथ पर सुबह वोटरों की लंबी कतार रहा हालांकि जैसे जैसे समय बितता गया वैसे वैसे बूथ पर लोगो की भीड़ कम होने लगी।



हिलसा प्रखंड कार्यालय परिसर में बनाए गए स्नातक के लिए तीन मतदान केंद्रों पर कुल 2,280 मतदाता पंजीकृत थी। इनमें से 1,351 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। स्नातक मतदान केंद्र संख्या 92 प्रखंड कृषि कार्यालय कक्ष में कुल 726 मतदाता थे, जिनमें 442 मतदाताओं ने मतदान किया। इनमें 364 पुरुष और 78 महिला मतदाता शामिल हैं। वहीं, मतदान केंद्र संख्या 92(क) प्रखंड प्रमुख कार्यालय कक्ष में कुल 727 मतदाताओं में से 424 ने मतदान किया। इनमें 340 पुरुष और 84 महिला मतदाता थे। इसी प्रकार मतदान केंद्र संख्या 93, जीविका कार्यालय में कुल 827 मतदाता पंजीकृत थे। यहां 485 मतदाताओं ने वोट डाले, जिनमें 396 पुरुष और 89 महिला मतदाता शामिल हैं। वही शिक्षक के लिए कुल 179 मतदाता पंजीकृत थे, इनमें से 153 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान केंद्र पर किसी भी तरह की गड़बड़ी न हो इसके लिये मजिस्ट्रेट व पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती के अलावे एसडीओ अमित कुमार पटेल एसडीपीओ सुनील कुमार सिंह ने मतदान केंद्र पर पहुचकर विधि व्यवस्था व बूथ का जायजा लिया। मतदान की प्रक्रिया समाप्त होने के बाद मतपेटी को सुरक्षित मतगणना केंद्र ले जाया गया।

पानी भरे गड्ढे में डूबने से युवक की मौत

शेखपुरा (आससे)। सड़क किनारे पानी भरे गड्ढे में डूबने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान हुसैनाबाद गांव निवासी सुरेंद्र मिस्त्री के पुत्र ऋषि कुमार के रूप में की गई है। घटना टाउन थाना क्षेत्र के कच्ची रोड मार्ग की बताई जा रही है। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार, ऋषि कुमार शुक्रवार की सुबह साइकिल से बाजार जाने के लिए घर से निकला था। इसी दौरान उसे मिर्गी का दौरा पड़ गया, जिससे वह अपना संतुलन खो बैठा और साइकिल सहित सड़क किनारे पानी भरे गड्ढे में गिर गया। समय पर सहायता नहीं मिलने के कारण पानी में डूबने से उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर टाउन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, शेखपुरा भेज दिया। घटना के बाद मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

गिरियक में स्नातक चुनाव में 70.33 फीसदी जबकि शिक्षक चुनाव में शत प्रतिशत हुआ मतदान

गिरियक (नालंदा) (संसू)। स्नातक और शिक्षक निर्वाचन को लेकर शुक्रवार को गिरियक में मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। पटना स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के द्विवार्षिक चुनाव में 964 मतदाताओं में से 678 ने वोट डाले। वहीं, शिक्षक निर्वाचन में सभी 33 मतदाताओं ने मतदान किया। स्नातक निर्वाचन में 70.33 प्रतिशत, जबकि शिक्षक निर्वाचन में शत-प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया।

प्रखंड के प्रशिक्षण सह उत्पादन केंद्र भवन में बनाए गए मतदान केंद्र संख्या 102 पर स्नातक निर्वाचन के लिए सुबह आठ बजे मतदान शुरू हुआ। यहां मतदाता सूची में 741 पुरुष और 223 महिला मतदाता शामिल थे।

मतदान करने वालों में 539 पुरुष और 139 महिलाएं रहीं। कुल 286 मतदाताओं ने वोट नहीं डाले। वहीं शिक्षक निर्वाचन में गिरियक के सभी 33 मतदाताओं ने मतदान कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। इस निर्वाचन में किसी भी मतदाता के मतदान से वंचित नहीं रहने के कारण शत-प्रतिशत मतदान हुआ। दोनों निर्वाचन की प्रक्रिया प्रशासनिक निगरानी में संपन्न हुई। मतदान के दौरान प्रशासनिक अधिकारी भी केंद्र पर पहुंचे। नालंदा की डीडीसी सारा अशरफ और राजगीर के डीसीएलआर राजीव रंजन ने मतदान केंद्र का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्था का जायजा लिया। मतदान प्रक्रिया को व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए आवश्यक इंतजाम किए गए थे।



नूरसराय में सड़क दुर्घटना में तीन बाइक सवार जख्मी

बिहारशरीफ। नूरसराय थाना क्षेत्र के मेयार पुल के पास शुक्रवार की शाम एक अज्ञात वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसपर सवार तीन युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को इलाज के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल में भर्ती कराया।

जख्मियों की पहचान बिहारशरीफ के साठोपुर निवासी सूरज कुमार, मनीष कुमार और अमन कुमार के रूप में हुई है। फिलहाल तीनों युवकों का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है, जहां डॉक्टरों की देखरेख में उनकी स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है।

खेत में छिपाकर रखी गयी बीयर को पुलिस ने किया बरामद

गिरियक (नालंदा) (संसू)। पावापुरी थाना क्षेत्र के पोखरपुर गांव में पुलिस ने खेत से बीयर की खेप बरामद की है। गुरुवार की रात गुप्त सूचना पर हुई छापेमारी के दौरान सफेद बोरे में छिपाकर रखी गई किंगफिशर कंपनी की 48 केन बीयर मिली। पुलिस के पहुंचते ही बीयर रखने का आरोपित सोनू चौधरी मौके से फरार हो गया। बरामद बीयर की कुल मात्रा 24 लीटर बताई गई है।

थानाध्यक्ष गौरव कुमार सिंह के नेतृत्व में टीम ने पोखरपुर गांव में छापेमारी की। इस दौरान सोनू चौधरी के घर से करीब 200 मीटर दूर एक खेत में सफेद रंग का बोरा मिला। उसकी तलाशी लेने पर उसमें बीयर की केन रखी मिलीं। पुलिस ने सभी केन जब्त कर लीं, जबकि आरोपित भागने में सफल रहा। बीयर बरामद होने के बाद पुलिस ने आरोपित के घर पर भी दबिश दी, लेकिन वह वहां नहीं मिला। पुलिस ने सोनू चौधरी, पिता स्व. भोला चौधरी, के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। उसकी गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। कार्रवाई में थानाध्यक्ष गौरव कुमार सिंह के साथ एसआई विमल कुमार तिवारी, एएसआई अमित कुमार और सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

बरबीघा में स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन के लिए मतदान संपन्न

बरबीघा (शेखपुरा) (आससे)। कोशी स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत बरबीघा विधानसभा क्षेत्र के बरबीघा प्रखंड में शुक्रवार को विधान परिषद चुनाव शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो गया। मतदान को लेकर बरबीघा प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में मतदान केंद्र बनाया गया था। चुनाव के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

प्रखंड में कुल 995 मतदाता पंजीकृत थे। शुक्रवार को शाम पांच बजे मतदान समाप्त होने तक कुल 550 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान को लेकर सुबह से ही मतदाताओं में उत्साह देखा गया। वहीं, चुनाव प्रक्रिया को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के लिए प्रशासनिक स्तर पर विशेष सतर्कता बरती गई।

चुनाव के दौरान एनडीए, जन सुराज, कांग्रेस और राजद के कार्यकर्ता काफी सक्रिय नजर आए। विभिन्न दलों एवं राजनीतिक समूहों के कार्यकर्ता अपने-अपने समर्थक मतदाताओं को वाहनों के माध्यम से मतदान केंद्र तक पहुंचाते दिखे। मतदान केंद्र के आसपास पूरे दिन राजनीतिक गतिविधियां बनी रहीं। हालांकि, प्रशासन की मुस्तैदी के बीच मतदान शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गया। चुनाव के दौरान किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली।

हरनौत में शांतिपूर्ण संपन्न हुआ एमएलसी शिक्षक-स्नातक चुनाव

हरनौत (नालंदा) (संसू)। स्थानीय प्रखंड मुख्यालय में पटना एमएलसी शिक्षक एवं स्नातक निर्वाचन सीट के लिए मतदान प्रक्रिया शुक्रवार को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो गई। कुल 2100 नामांकित मतदाताओं में से शिक्षक और स्नातक दोनों वर्गों के मतदाताओं ने बढ़-चढ़कर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। फाइनल आंकड़ों के अनुसार, बूथ संख्या 52 पर सर्वाधिक 80 प्रतिशत, बूथ संख्या 88 पर 63 प्रतिशत तथा बूथ संख्या 88-क पर 62.21 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। यानी कुल 68.40 फीसदी मतदान हुआ। चुनाव के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहे और प्रखंड मुख्यालय परिसर में सशस्त्र पुलिस बल तैनात था। नगर आयुक्त, डीसीएलआर, सदर एसडीपीओ-2 और थानाध्यक्ष मुकेश कुमार समेत कई वरिष्ठ अधिकारियों ने स्थिति का जायजा लिया। बीडीओ डॉ. पंकज कुमार ने बताया कि मतदान पूरी तरह शांतिपूर्ण रहा। प्रक्रिया समाप्त होने के बाद मतपेटियों को सील कर स्ट्रॉन्ग रूम भेज दिया गया है, जबकि मतगणना 27 अक्टूबर को पटना में होगी।

करायपरशुराय में स्नातक के 63 तो शिक्षक निर्वाच न के 92 फीसदी मतदाताओं ने किया मतदान

करायपरशुराय (नालंदा) (संसू)। पटना शिक्षक तथा स्नातक विधान परिषद के लिए शुक्रवार को मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। चुनाव में स्नातक मतदाताओं से ज्यादा शिक्षक मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव सम्पन्न कराए जाने को लेकर सेक्टर पदाधिकारी के तौर पर तैनात हिलसा के लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी मधुकर कुमार ने बताया कि करायपरसुराय प्रखंड में स्नातक मतदाताओं की संख्या 586 है। इसमें से 373 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिसमें 317 पुरुष एवं 56 महिला मतदाता शामिल हैं। उन्होंने बताया कि स्नातक के लिए करायपरसुराय प्रखंड कार्यालय तथा शिक्षक के लिए अंचल कार्यालय को मतदान केंद्र बनाया गया था। उन्होंने बताया कि अंचल कार्यालय स्थित मतदान केंद्र पर 39 शिक्षक मतदाताओं में से 36 मतदाताओं ने मतदान में हिस्सा लिया। उन्होंने बताया कि सभी मतपेटी पटना में जमा की जाएगी जहाँ 27 अक्टूबर को मतपत्रों की गिनती की जाएगी।

कतरीसराय में स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन हेतु मतदान शांतिपूर्ण संपन्न

कतरीसराय (नालंदा) (संसू)। प्रखंड मुख्यालय कतरीसराय स्थित मतदान केंद्र संख्या 103 पर पटना शिक्षक एवं स्नातक निर्वाचन का मतदान शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। मतदान केंद्र पर कुल 518 मतदाता पंजीकृत थे, जिनमें 362 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, मतदान केंद्र पर कुल 85 महिला और 433 पुरुष मतदाता पंजीकृत थे। इनमें 65 महिलाओं तथा 297 पुरुषों ने मतदान किया। इस प्रकार कुल 362 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान के दौरान पुरुष मतदाताओं की भागीदारी अधिक रही। मतदान के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए कतरीसराय थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार और अपर थानाध्यक्ष आदित्य कुमार पुलिस बल के साथ मुस्तैद रहे। राजगीर डीएसपी संजीत कुमार गुप्ता सहित अन्य अधिकारियों ने भी मतदान केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्था का जायजा लेते रहे।

समाहरणालय, समस्तीपुर
न्यायालय समाहर्त्ता, समस्तीपुर

बिहार सरकार

बिहार मद्य निषेद्य एवं उत्पाद (संशोधन) नियमावली, 2022 के अन्तर्गत जप्त वाहन मालिकों/संबंधितों के लिए

–: अति अल्पकालीन नोटिस :–

एतद् द्वारा इस नोटिस के माध्यम से बिहार मद्यनिषेद्य और उत्पाद (संशोधन) नियमावली, 2022 के नियम 12 (क) के अलोक में आपको सूचित किया जाता है कि बिहार मद्यनिषेद्य और उत्पाद (संशोधन) नियमावली 2022 के नियम (क) एतद् द्वारा इस नोटिस के माध्यम से बिहार मद्यनिषेद्य और उत्पाद (संशोधन) नियमावली, 2022 के नियम 12 (क) के अलोक में आपको सूचित किया जाता है कि बिहार मद्यनिषेद्य और उत्पाद (संशोधन) नियमावली 2022 के नियम (क) के तहत शास्ति, जो नवीनतम बीमाकृत मूल्य के भुगतान करने पर वाहनों, सवारी/भूमि आदि को छोड़ने का प्रावधान किया गया है।

अतः प्रश्नगत वाहन के वाहन स्वामी होने के नाते उपरोक्त नियम के आलोक में यदि आप चाहें, तो स्वंय अथवा अपने विद्वान अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर जप्त वाहन को मुक्त कराने हेतु इस नोटिस के साथ सलंग्न प्रपत्र **IV** में प्रश्नगत वाहन से संबंधित निबंधन (ऑनर बुक), नवीनतम बीमा (इन्स्योरेंश) कागजात जिसमें इन्स्योरेंश की राशि **(Insured Declared Value)** स्पष्ट रूप अंकित हो तथा स्वयं से संबंधित पहचान पत्र/आधार कार्ड के साथ वाहन विमुक्ति हेतु आवेदन पत्र समर्पित कर सकते है।

निर्धारित तिथि तक आपकी प्रतिक्रिया/पक्ष अप्राप्त रहने की स्थिति में अग्रेतर विधिनुकूल कार्रवाई सुनिश्चित किया जाएगा :–

क्र० सं०	उत्पाद वाद संख्या	थाना का नाम	थाना कांड संख्या	जप्त वाहन का प्रकार	जप्त वाहन का रजिस्ट्रेशन नं०/चेचिस नं०/इंजन नं०	गाड़ी मालिक का नाम/पता	सुनवाई का स्थान/तिथि
1	2	3	4	5	6	7	8
1	16/26-27	शिवाजीनगर	136/2026	मोटरसाईकिल	(1) रजिस्ट्रेशन सं०–BRO7AT-8855, Chessis No-MBLHAW125MHK77561, Engine No-HA11EYMHK66416	संतोष कुमार मुखिया, पे०–बिन्देश्वर मुखिया, सा०–धिवाही, थाना–शिवाजीनगर, जिला–समस्तीपुर।	श्रीमती पुष्पिता झा, पीठासीन पदाधिकारी –सह– वरीय उप समाहर्त्ता, समस्तीपुर। 30.10.2026
2	20/24-25	कल्याणपुर	364/2024	पिकअप	(1) रजिस्ट्रेशन सं०–BR-06GE-3427, Chessis No-MA1ZN2TNKL5G10983, Engine No-TNL4F80361	रितेश कुमार, पे०–सुनील राय, सा०–अमृतपुर, थाना–वैशाली, जिला–वैशाली।	श्रीमती पुष्पिता झा, पीठासीन पदाधिकारी –सह– वरीय उप समाहर्त्ता, समस्तीपुर। 30.10.2026
3	08/26-27	वैनी	34/2026	साईकिल	.–	अज्ञात	श्रीमती पुष्पिता झा, पीठासीन पदाधिकारी –सह– वरीय उप समाहर्त्ता, समस्तीपुर। 30.10.2026
4	13/25-26	वैनी	73/2025	ऑटो	(1) रजिस्ट्रेशन सं०–BR-33PA6322-3427, Chessis No-MDL41A25GWE26637, Engine No-BRZWGE29794	सुनील कुमार, पे०–जगदीश महतो, सा०–पतेपुर गोपीनाथ, थाना–पुसा, जिला–समस्तीपुर।	श्रीमती पुष्पिता झा, पीठासीन पदाधिकारी –सह– वरीय उप समाहर्त्ता, समस्तीपुर। 30.10.2026
5	01/25-26	वैनी	58/2024	मैजिक भान	(1) रजिस्ट्रेशन सं०–BR33GB-1352, Chessis No-MAT53072LYJ17856, Engine No-800CCD102JZXS57585	श्री संजय कुमार यादव, पिता–जवाहर यादव, सा०–बाबूपुर किशुनपुर, थाना–वारिसनगर, जिला–समस्तीपुर।	श्रीमती पुष्पिता झा, पीठासीन पदाधिकारी –सह– वरीय उप समाहर्त्ता, समस्तीपुर। 30.10.2026
6	01/25-26	वैनी	58/2024	मोटरसाईकिल	(1) रजिस्ट्रेशन सं०–BR33BE-4681, Chessis No-MD2A13EX5RCM41802, Engine No-DKXCRM08872	श्री बिट्टू कुमार, पिता–श्री शम्भू पासवान, सा०–हरपुर महम्मदा, थाना–पूसा, जिला–समस्तीपुर।	श्रीमती पुष्पिता झा, पीठासीन पदाधिकारी –सह– वरीय उप समाहर्त्ता, समस्तीपुर। 30.10.2026
7	03/25-26	वैनी	49/2025	मोटरसाईकिल	(1) रजिस्ट्रेशन सं०–BR33BL-7089, Chessis No-MD2B68BXXRPGO3989, Engine No-DHXPRG56870	श्री शिवम कुमार, पे०–स्व० कपिल शर्मा, सा०–मोतीपुर, थाना–ताजपुर, जिला–समस्तीपुर।	श्रीमती पुष्पिता झा, पीठासीन पदाधिकारी –सह– वरीय उप समाहर्त्ता, समस्तीपुर। 30.10.2026
8	15/26-27	हथौड़ी	42/2026	साईकिल	–	चिंटू कुमार राम, पे०–जोगीर राम, सा०–मधुरापुर, थाना–हथौड़ी, जिला–समस्तीपुर।	श्रीमती पुष्पिता झा, पीठासीन पदाधिकारी –सह– वरीय उप समाहर्त्ता, समस्तीपुर। 30.10.2026
9	10/26-27	कल्याणपुर	87/2026	कार	(1) रजिस्ट्रेशन सं०–BR01HC2439, Chessis No-MBHHWB13SPB385808, Engine No-K12NP4210962	श्री रामप्रकाश महतो, पे०–छोटू महतो, सा०–हसनपुर किरत मुक्तापुर वार्ड नं०–15, थाना–कल्याणपुर, जिला–समस्तीपुर।	श्रीमती पुष्पिता झा, पीठासीन पदाधिकारी –सह– वरीय उप समाहर्त्ता, समस्तीपुर। 30.10.2026
10	04/26-27	हथौड़ी	21/2026	मोटसाईकिल	(1) रजिस्ट्रेशन सं०–HR33AA1173, Chessis No-MBLHAR186HHE18216, Engine No-H2ND08A00646	बिजेनद्र कुमार पासवान, पे०–लाल बाबू पासवान, सा०–टेलेघरा, भोरेजयराम, थाना–खानपुर, जिला–समस्तीपुर।	श्रीमती पुष्पिता झा, पीठासीन पदाधिकारी –सह– वरीय उप समाहर्त्ता, समस्तीपुर। 30.10.2026
11	18/25-26	समस्तीपुर रेल थाना	193/2025	ऑटो	(1) रजिस्ट्रेशन सं०–BR-07-PC-6196, Chessis No-MCG61R3CGJ2193305, Engine No-CGS21J03636	श्री रविभूषण ठाकुर, पे०–श्री राम नरेश ठाकुर, सा०–वार्ड नं०–03, ग्राम–गरूआरा सिंघिया खुर्द, थाना–मुफ्फसील, जिला–समस्तीपुर।	श्रीमती पुष्पिता झा, पीठासीन पदाधिकारी –सह– वरीय उप समाहर्त्ता, समस्तीपुर। 30.10.2026
12	06/26-27	वैनी	38/2026	मोटरसाईकिल	(1) रजिस्ट्रेशन सं०–BR31AM6191, Chessis No-MD2B77AX5LRE72815, Engine No-PFXRLE4256	रंजीत चौधरी, पे०–आनंद चौधरी, सा०–राजवा, थाना–बंगरा, जिला–समस्तीपुर।	श्रीमती पुष्पिता झा, पीठासीन पदाधिकारी –सह– वरीय उप समाहर्त्ता, समस्तीपुर। 30.10.2026
13	14/25-26	कल्याणपुर	428/2025	मोटरसाईकिल	(1) रजिस्ट्रेशन सं०–BR33AC-8305, Chessis No-MBLJAR159JGG01288, Engine No-JA86ETJG01523	श्री गुड्डू कुमार, पिता–श्री मनचुन राम, सा०–धुरूगामा, थाना–कल्याणपुर, जिला–समस्तीपुर।	श्रीमती पुष्पिता झा, पीठासीन पदाधिकारी –सह– वरीय उप समाहर्त्ता, समस्तीपुर। 30.10.2026
14	22/25-26	पूसा	78/2025	मोटरसाईकिल	(1) रजिस्ट्रेशन सं०–BR33AU9674, Chessis No-ME4JC83DDNG047706, Engine No-JC83EG3095863	श्री देवेन्द्र सहनी, पे०–श्री बाबूलाल सहनी, सा०–हरापुर महमदा, थाना–पूसा, जिला–समस्तीपुर।	श्रीमती पुष्पिता झा, पीठासीन पदाधिकारी –सह– वरीय उप समाहर्त्ता, समस्तीपुर। 30.10.2026
15	01/26-27	पूसा	118/2023	बेलेरो पिकअप	(1) रजिस्ट्रेशन सं०–BR-05GA-1163, Chessis No-MA1ZN2GHKE3A20918, Engine No-GHD4M70263	मो० हसनैन, पे०–मो० मोफउल्दीन, ग्राम–वार्ड न०–02 केसरिया नया गॉव, पूर्वी चम्पारण, बिहार, पितन-845424	श्रीमती पुष्पिता झा, पीठासीन पदाधिकारी –सह– वरीय उप समाहर्त्ता, समस्तीपुर। 30.10.2026
16	01/26-27	पूसा	118/2023	बेलेरो	(1) रजिस्ट्रेशन सं०–BR-34P-3107, Chessis No-MA1XA2GHKF5831734, Engine No-GHF4B65050	मो० नसीम, पे०–मो०फैजुल रहमान, ग्राम–रसुलपुर कावा, पो०–कावाडीह वैशाली, जिला–वैशाली, पिन-843114	श्रीमती पुष्पिता झा, पीठासीन पदाधिकारी –सह– वरीय उप समाहर्त्ता, समस्तीपुर। 30.10.2026
17	06/25-26	कल्याणपुर	62/2025	मोटरसाईकिल	(1) रजिस्ट्रेशन सं०–BR-33GA-9722, Chessis No-MAT464607LSB01530, Engine No-4SPCR10BZX604463	श्री दिनेश कुमार, पे०–योगेन्द्र राय, सा०–पुरूषोत्तमपुर, पो०–जनार्दनपुर, थाना–कल्याणपुर, जिला–समस्तीपुर।	श्रीमती पुष्पिता झा, पीठासीन पदाधिकारी –सह– वरीय उप समाहर्त्ता, समस्तीपुर। 30.10.2026
18	06/25-26	कल्याणपुर	62/2025	योद्वा ईको	(1) रजिस्ट्रेशन सं०–BR-33AC-0582, Chessis No-MBLHARI89JHB19034, Engine No-HA10ACJHB52427	श्रीमती रूणा देवी, W/O–श्री अमरेश गिरी, सा०–रूमैली लदौड़ा नियर मंदिर, जिला–समस्तीपुर।	श्रीमती पुष्पिता झा, पीठासीन पदाधिकारी –सह– वरीय उप समाहर्त्ता, समस्तीपुर। 30.10.2026

विस्तृत जानकारी **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

PR. No. 013881 (District) 2026-27

सुरक्षित जीवन अपनाओ, अपनी नियमित एच.आई.वी. जाँच कराओ।

जिलाधिकारी
समस्तीपुर